सत्र 2012-13

8/9/12

## बैठक का विवरण

I.Q.A.C की बैठक आज दिनांक 8/9/12 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए —

1) डॉ. डी. एस. गुप्ता — डॉ. अखिलेश अयाची संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. एस. एन. शुक्ला
4) डॉ. एम. एल. चौहान
5) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
6) डॉ. राजश्री कपूर

I.Q.A.C की बैठक में इसके तात्पर्य तथा लक्ष्यों को सदस्यों के सम्मुख रखा गया, एवं इसकी गोपनीयता पर प्रतिबद्ध होने को कहा गया। डॉ. एस. एन. शुक्ला, पूर्व संयोजक ने विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर उसे प्रस्तुत किया, एवं वर्तमान संयोजक ने आगामी वर्ष के कार्यों की रूपरेखा तैयार की। संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने I.Q.A.C की संवेदनशीलता एवं उसके व्यापक स्वरूप पर चर्चा की।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर आम सहमति से चर्चा की गई—

* सत्र 2011-12 की A.Q.A.R रिपोर्ट प्राथमिकता पर शीघ्र तैयार करने के लिए डॉ. अयाची ने कहा। इसके लिए डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने Teacher's Profile के लिए अनिवार्य रूप से समय-सीमा निर्धारित करने को कहा।
* डॉ. राजश्री कपूर ने Teacher's Profile के लिए एक Proforma बनाने का सुझाव दिया, जो संबंधित विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग के प्राध्यापकों से भरवाकर भिजवाएँ। इसके लिए

10 दिन की समयावधि निश्चित की गई।

* डॉ. एस. एन. शुक्ला ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी Multi-connected feedback कराया जाए।
* डॉ. डी. एस. गुप्ता, डॉ. एम. एल. चौहान ने सेमीनार, वर्कशाप के विशेषज्ञ, डेलीगेट्स, एल्युमिनाई, अभिभावक, प्रशासनिक स्तर पर, सामाजिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों, जनभागीदारी समिति को भी Feedback में सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया।
* Feedback कराने वाले प्राध्यापकों को उस कक्षा में पढ़ाने वाले प्राध्यापकों के नाम दिए जाएँ, एवं वे उसे ब्लैक-बोर्ड पर लिख दें, ताकि छात्रों के द्वारा पढ़ाने वाले सभी प्राध्यापकों का मूल्यांकन हो सके। डॉ. ज्योति श्रीवास्तव एवं डॉ. राजश्री कपूर ने यह सुझाव दिया कि सभी प्राध्यापकों का मूल्यांकन होना चाहिए, एवं बराबर sample मिलने चाहिए।
* संयोजक डॉ. अखिलेश अथावी से कहा कि चूंकि रिपोर्ट 31 मार्च के पहले प्राचार्य को सौंपनी है, इसलिए फीडबैक अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कराया जाए। एवं अंग्रेजी का फीडबैक अगले सेमेस्टर में कराने का सुझाव दिया।
* डॉ. एस. एन. शुक्ला, डॉ. डी. एस. गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय की हर गतिविधि, सेमीनार, प्रोग्राम आदि I.Q.A.C के अंतर्गत कराया जाए, एवं वे रिपोर्ट की एक कॉपी I.Q.A.C को सौंपे।
* नैक की गाइडलाइन के अनुसार I.Q.A.C के संगठन में बाह्य सदस्यों को सम्मिलित करने पर चर्चा की गई।

* सभी सदस्यों ने प्राचार्य की अनुमति से एक कंप्यूटर - रूम रखने पर सहमति जताई, जो कि A.Q.A.R तैयार करने एवं फीडबैक की रिपोर्ट तैयार करने में मदद कर सकें। एवं उसके काम का भुगतान कर दिया जाए।
* डॉ. अखिलेश अचार्य ने फीडबैक का मूल्यांकन उसी दिन करने का सुझाव दिया, एवं फीडबैक में पूरी गोपनीयता एवं सतर्कता बरतने की सलाह दी।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस वर्ष CPE के अंतर्गत 3 लाख रूपये हैं, जो 31 मार्च तक उपयोग कर सकते हैं। संयोजक डॉ. अखिलेश अचार्य से उस मद से I.Q.A.C के लिए निम्न सामग्री क्रय करने की सलाह दी, जिस पर सर्वसम्मति से सदस्यों ने सहमति जताई-

(i) कम्प्यूटर - (02)
(ii) प्रिंटर - (01)
(iii) U.P.S - 01
(iv) L.C.D - 01
(v) स्कैनर - 01
(vi) फोटोकॉपीयर - 01
(vii) L.C.D स्क्रीन - 01
(viii) फ्लेक्स बैनर - 02
(ix) फ्लेक्स बोर्ड
(x) अलमारी - 01
(xi) कुर्सी -
(xii) टेबिल -

* डॉ. एस. एन. शुक्ला ने कहा कि I.Q.A.C का बैनर कक्ष क्र. 01 में स्थायी रूप से लगा दिया जाए, ताकि सारी महाविद्यालयीन गतिविधियों में I.Q.AC का बैनर दिखे, एवं उसके अंतर्गत संचालित हो।
* बैठक के अंत में संयोजक डॉ. अखिलेश अचार्य ने I.Q.A.C में सकारात्मक सुझावों को सम्मिलित कर उसे और बेहतर ढंग से

क्रियान्वन करने पर जोर दिया।

* संयोजक डॉ. अखिलेश अग्रवाल एवं सभी सदस्यों की राय से कार्य का शुरूआती स्वरूप निश्चित किया गया, जिसमें

(i) डॉ. डी. एस. गुप्ता एवं डॉ. एम. एल. चौहान क्रय संबंधी कार्य को देखेंगे।

(ii) डॉ. अखिलेश अग्रवाल एवं डॉ. आर. के. श्रीवास्तव A.Q.A.R रिपोर्ट तैयार करेंगे।

(iii) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव एवं डॉ. राजश्री कपूर Feedback का कार्य देखेंगी, और उसे संपन्न करायेंगी।

उपरोक्त सभी कार्य सम्मिलित रूप से सभी सदस्य सामूहिक जिम्मेदारी से संपन्न करेंगे।

(डॉ. अखिलेश अग्रवाल)
संयोजक

Seen
(डॉ. एस. एस. ठाकुर)
प्राचार्य

# बैठक का विवरण 3/1/12

I.Q.A.C की आवश्यक बैठक आज दिनांक 3/1/12 को अपरान्ह 12:00 बजे वनस्पति-शास्त्र विभाग में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए-

1) डॉ. अखिलेश अयाची (संयोजक)
2) डॉ. डी. एस. गुप्ता (सदस्य)
3) डॉ. एम. एल. चौहान (सदस्य)
4) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव (सह संयोजक)
5) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव (सदस्य) Jyoti

बैठक में I.Q.A.C समिति के द्वारा किये गये पूर्व कार्यों की समीक्षा की गई, एवं आगामी सेमेस्टर के दौरान कराये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। I.Q.A.C के अंतर्गत प्रस्तावित Students Feedback का कार्य संपन्न हो चुका है। केवल अंग्रेजी विषय का फीडबैक होना बाकी है, जो फरवरी में किये जाने का प्रस्ताव दिया गया।

* A.Q.A.R की रिपोर्ट भेजे जाने की जानकारी संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची एवं सहसंयोजक डॉ. आर. के. श्रीवास्तव दी।
* संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने बताया कि I.Q.A.C में बाह्य सदस्यों की कमेटी गठित कर दी गई है।
* I.Q.A.C के बाह्य सदस्यों के साथ Meeting करके उनसे गुणवत्ता बढ़ाने (शिक्षक, विद्यार्थी, महाविद्यालय) के नवाचार योजनाओं पर चर्चा किये जाने का सदस्यों ने प्रस्ताव दिया।
* डॉ. डी. एस. गुप्ता एवं डॉ. एम. एल. चौहान ने क्रय संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी दी।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने

आगामी प्रस्तावित कार्यों में community services कराये जाने को कहा। डॉ. डी.एस. गुप्ता, डॉ. एम.एल. चौहान ने मनोवैज्ञानिक, स्वास्थ्य संबंधी योजनायें भी I.Q.A.C के अंतर्गत कराने की बात कही।

* डॉ. अखिलेश अयाची (संयोजक), ने एन.एस.एस, एन.सी.सी में कराये जाने वाले कार्य जैसे सामाजिक कार्य, स्वास्थ्य कार्य सभी I.Q.A.C में संलग्न हो।
* संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने कहा कि I.Q.A.C का Flex वाला, बैनर बनवाया जाये, एवं कक्ष क्र (1) में लगवाया जाये।
* संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची एवं सभी सदस्यों ने गोपनीय चरित्रावली में I.Q.A.C का अभिमत देने संबंधी चर्चा करने की बात प्राचार्य से करने कहा।
* संयोजक एवं सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस बात का सुझाव दिया कि यदि प्राचार्य द्वारा C.R के फार्म में अभिमत देने को सहमति देती हैं, एवं I.Q.A.C समिति को निर्देशित करती हैं तो सभी प्राध्यापकों को अवलोकन करने के लिए C.R के फार्म पहले दे दिए जाएँ।
* डॉ. अखिलेश अयाची, संयोजक ने कहा कि C.R के फार्म दिये जाने के बाद एक स्टाफ-कौंसिल की बैठक आयोजित की जाए, एवं बैठक में C.R फार्म में अंकित API Points के संबंध में हरेक कंडिका का विस्तार से स्टाफ-कौंसिल के सभी सदस्यों से चर्चा की जाए। API Points के आंतरिक विवरण की चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से अनुमोदित ब्यौरे को मान्य कर उसी आधार पर अभिमत दिया जाए। इस सुझाव को I.Q.A.C के सदस्यों ने स्वागत किया एवं उसे पारदर्शी बताया।

31

* I.Q.A.C के सदस्यों ने यह सुझाव भी दिया कि समस्त प्राध्यापकों को C.R फार्म की जानकारी बिन्दुवार चर्चा कर, उनकी समस्याओं का निदान एवं सुझावों को क्रियान्वित कर उसे सभी को जानकारी दे दी जाए।

* ~~आदरणीय प्राचार्य~~

Seen
03/01/13

आदरणीय प्राचार्य ने निर्देश दिया कि महाविद्यालय में दो I.Q.A.C प्रकोष्ठ हैं, एवं शासन स्तर पर एवं एक महा. स्तर पर (के) गोपनीय चारित्रावली पर अभिमत राज्य शासन के I.Q.A.C प्रकोष्ठ, जिनके संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ हैं, अंकित करेंगे।

3/1/13

Seen
03/01/13

## बैठक का विवरण

27/8/13

I.Q.A.C समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 27/8/13 को वनस्पति-शास्त्र विभाग में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए-

सदस्य का नाम

1.) डॉ. अखिलेश अयाची (संयोजक) [signature]
2.) डॉ. डी.एस. गुप्ता [signature]
3) डॉ. एम. एल. चौहान [signature]
4.) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव (सह संयोजक) [signature]
5.) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव - [signature]
6.) डॉ. राजश्री कपूर - [signature]

बैठक में संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने पिछले सत्र के कार्यों की समीक्षा की, एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। संयोजक डॉ. अयाची ने I.Q.A.C की उपयोगिता एवं उसके कार्यों पर चर्चा की।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर आम सहमति से चर्चा की गई-

1.) डॉ. अखिलेश अयाची एवं डॉ. डी. एस. गुप्ता ने I.Q.A.C के अंतर्गत वित्तीय अनुपलब्धता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि लेखापाल से वित्तीय राशि की जानकारी नहीं मिली, जिसके अभाव में किसी भी चीज का क्रय नहीं हो सका।
2.) संयोजक एवं सभी सदस्यों ने आम सहमति से फीडबैक का कार्य सितंबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित करने की बात कही गयी। सिर्फ फरवरी में अंग्रेजी का तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के लिए फीडबैक कराने का निर्णय लिया गया।

* डॉ. एम.एल. चौहान एवं डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि कक्ष क्र. 01 सेमीनार हॉल में स्थायी रूप से I.Q.A.C का बैनर लगा दिया जाए, ताकि महाविद्यालय की हर गतिविधि I.Q.A.C के तहत की जा सके। सेमीनार, वर्कशॉप, कैरियर, कौशल आदि IQAC में किया जाए।
* डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने बैनर लगाने की उपादेयता पर चर्चा कर यह सुझाया कि चूंकि AQAR की रिपोर्ट में महा. की हर गतिविधि को भी सम्मिलित करना होता है, जो ऐन वक्त पर संभव नहीं हो पाता है। अतः यह व्यवस्था की जाना सुनिश्चित हो जाए कि महाविद्यालय में आयोजित किसी भी कार्यक्रम की रिपोर्ट की एक प्रति कार्यक्रम प्रभारी I.Q.A.C प्रभारी डॉ. अखिलेश अयाची को सौंपे।
* डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. एम.एल. चौहान ने प्राचार्य कक्ष में रजिस्टर रखने को कहा, जिसमें कार्यक्रम प्रभारी, कार्यक्रम का नाम, दिनांक, विषय आदि की जानकारी अंकित करें। एवं प्राध्यापकों की Profile लेने को कहा
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. एम.एल. चौहान ने वर्ष में I.Q.A.C में Activity आयोजित करने का सुझाव दिया, जिसमें Psychological Counselling आदि शामिल किया जा सकता है, ताकि विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण हो सके।
* डॉ. अखिलेश अयाची, संयोजक, I.Q.A.C प्रकोष्ठ ने इस बाबत महाविद्यालय से फंड प्राप्त करने हेतु प्राचार्य से चर्चा करने की बात कही।
* डॉ. अखिलेश अयाची ने बाह्य समिति की बैठक अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने की बात कही। एवं बाह्य समिति के सदस्यों के सुझावों को I.Q.A.C में अमल करने को कहा।

जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। संयोजक डॉ. आरबिलेश अयाची का यह मत था कि A.Q.A.R की रिपोर्ट जल्द ही बनायी जाए, इसमें अंकित करने हेतु आवश्यक जानकारी समस्त विभागाध्यक्ष एवं समिति प्रभारियों से प्राप्त करने के लिए नोटिस बनाकर प्रेषित किया जाए।

* बैठक के अंत में संयोजक डॉ. अयाची ने सभी सदस्यों को एकजुट होकर I.Q.A.C के कार्यों को पूर्ण करने कहा एवं इस बावत आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

* Seen. अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप कार्य हो।

Phalem 29/08/13

(प्राचार्य)

27/8/13

(डॉ. आरबिलेश अयाची)

संयोजक

# बैठक का विवरण

IQAC समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 7 फरवरी 2014 को आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.) डॉ. अखिलेश अयाची संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
4) डॉ. राजश्री कपूर

बैठक में पिछले सेमेस्टर के कार्यों की समीक्षा की गई एवं निम्न बिंदुओं पर आम सहमति से चर्चा की गई -

* संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने AQAR से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियाँ समस्त विभागाध्यक्ष, समिति प्रभारियों से प्राप्त कर रिपोर्ट NAAC को भेजने की बात कही।
* वर्तमान सत्र में समस्त विभागाध्यक्षों से एवं समिति प्रभारियों से जानकारी उपलब्ध कराकर AQAR जल्द से जल्द NAAC को भेजने के लिए संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने कहा।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने AQAR शीघ्र भरकर भेजने का आश्वासन दिया।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. राजश्री कपूर ने प्राध्यापकों का विद्यार्थियों द्वारा Feedback ऐसे समय में कराया जाए, जब छात्रों की संख्या अधिकतम हो। यह भी कहा गया कि सेमीनार, वर्कशाप में आने वाले विशेषज्ञों, प्रतिभागियों से भी फीडबैक लिया जाए,
* प्रतिभागियों, का फीडबैक विद्यार्थियों से अलग हो, डॉ. अखिलेश अयाची ने सुझाव दिया।

* डॉ. अग्रवाल, डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने बैनर को लगाने की बात कही, और सभी कार्यक्रम IQAC के अंतर्गत कराया जाए।
* मंच की वेबसाइट का उन्नयन किये जाने पर विचार किया

संयोजक
डॉ अखिलेश अग्रवाल

प्राचार्य

# बैठक का विवरण

IQAC समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 18 अगस्त 2014 को आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1) डॉ आखिलेश अचार्य संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
4) डॉ. राजश्री कपूर

बैठक में सहमति से निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई –

* संयोजक डॉ. अखिलेश अचार्य ने सत्र 2014-15 के लिए IQAC के अंतर्गत कराने हेतु रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने Psychological Counselling, Community services में छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया।
* प्राचार्य ने कहा कि इसके अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में हुई गतिविधियों को लिपिबद्ध किया जाना चाहिए, जिससे महाविद्यालय की गुणवत्ता में सुधार आना चाहिए।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. राजश्री कपूर ने भूतपूर्व छात्रों से भी फीडबैक लेने की बात की, एवं उनसे सतत संपर्क रखने की बात कही।
* फीडबैक जनप्रतिनिधियों से भी लिया जाना चाहिए।
* डॉ. अखिलेश अचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में होने वाली समस्त गतिविधियों

शैक्षिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों को पांक्तिबद्ध कर रजिस्टर में अंकित किये जाये।

* अकादमिक ऑडिट कराने हेतु सभी ने सहमति जतायी।
* स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, दहेज, नशा विरोधी अभियान विस्तार गति[illegible] में कराने चर्चा की गई।

18/8/16

संयोजक प्राचार्य

## बैठक का विवरण

IQAC समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 21 दिसंबर 2014 को संपन्न हुई, जिसमे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1) डॉ. संजय लिंगनाथ संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
4) डॉ. राजश्री कपूर

बैठक में संयोजक डॉ. अखिलेश अचार्या ने IQAC के समस्त सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये, एवं सर्वसम्मति से निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई -

* संयोजक डॉ. अखिलेश अचार्या ने सदस्यों से IQAC के महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में अपनी सकारात्मक सहभागिता देने की बात कही। NAAC के द्वारा IQAC को दिए निर्देशों को पालन कर आवश्यक कार्यवाही कराने की बात कही।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने NAAC के अनुसार Academic Audit की बात कही। एवं यह भी सुझाव दिया कि Academic Audit students feedback के रूप में कराया जा सकता है।
* प्राचार्य के निर्देशानुसार IQAC का उद्देश्य महाविद्यालय के अकादमिक गुणवत्ता में सुधार होना है। अकादमिक गुणवत्ता में सुधार हेतु नियमित कक्षाओं के साथ रेमेडियल कक्षाओं का प्रस्ताव को क्रियान्वित करने को कहा।

* संयोजक डॉ अखिलेश अथाची ने कहा कि महाविद्यालय की गतिविधियों में कार्यालय के कर्मचारियों का भी योगदान होना चाहिए।
* डॉ राजश्री कपूर, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा सामाजिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विभिन्न कम्यूनिटी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें स्कूलों का सर्वेक्षण को प्राथमिकता दी गई।
* कैरियर संबंधी, कौशल विकास, वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने, व्यक्तित्व विकास हेतु व्याख्यान, ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किये जाने पर चर्चा की गई।

संयोजक

प्राचार्य

# बैठक का विवरण

IQAC समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 13 फरवरी 2015 को संपन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए —

1) डॉ. अखिलेश अयाची संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
4) डॉ. राजश्री कपूर

बैठक में संयोजक डॉ. अखिलेश अयाची ने सभी सदस्यों से वर्ष भर की गतिविधियों को लिपिबद्ध करने कहा ताकि NAAC के समक्ष documentation पूरा हो जाए।

* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने कहा कि बाह्य सदस्यों के साथ भी बैठक करके, उनसे भी सुझाव आमंत्रित किया जाए।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने बाह्य सदस्यों को भी सम्मिलित करने को कहा।
* डॉ. राजश्री कपूर ने प्राध्यापकों का फीडबैक ऐसे विद्यार्थियों से कराने को कहा, जिनके प्रतिशत 60% से अधिक हों। ताकि जो छात्र सही मायने में क्लास में अध्ययन कर रहे हैं वे मूल्यांकन करेंगे तो सही मूल्यांकन होगा।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने फीडबैक कराने में पूर्ण गोपनीयता बरतने की बात कही।
* डॉ. अखिलेश अयाची ने कहा कि फीडबैक का काम संवेदनशील होने के कारण पूर्ण गोपनीयता बरतते हुए रिपोर्ट प्राचार्य को सौंपने की बात कही।

* डॉ. अखिलेश अग्रवाल, संयोजक, एवं समस्त सदस्यों ने AQAR रिपोर्ट को शीघ्र जमाकरने की बात कही | AQAR का प्रोफोर्मा काफी Descriptive होने की वजह से उसी के अनुरूप अगले सत्र में कराने की बात कही |
* विस्तार गतिविधियाँ (वृक्षारोपण आदि भी) भी IQAC के अंतर्गत चर्चा

[signature]
संयोजक

[signature] 13/7/15
प्राचार्य

# बैठक का विवरण।

IQAC की एक आवश्यक बैठक दिनांक 20/4/16 को संपन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1) डॉ. संजय तिगनाथ
2) डॉ. आर.के. श्रीवास्तव
3) डॉ. एस. एन. शुक्ला
4) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
5) डॉ. डी.के. देवालिया Dkbeolia
6) डॉ. राजश्री कपूर

IQAC की बैठक में सत्र 2015-16 के लिए विद्यार्थियों के हित में उनके सर्वांगीण विकास हेतु कार्यक्रम, गतिविधियाँ कराने विस्तृत चर्चा की गई –

* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने सभी सदस्यों को IQAC की महत्ता से अवगत कराया। इस हेतु वर्ष भर कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ कराने की बात कही।
* डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष भर संचालित होने वाली समस्त गतिविधियाँ महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता के उन्नयन के लिए की जाती है, अतः समस्त कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ IQAC के अंतर्गत ही संचालित की जाए।
* डॉ. एस.एन. शुक्ला, डॉ. डी.के. देवालिया, डॉ. राजश्री कपूर ने हर कार्यक्रम में IQAC का बैनर आयोजन स्थल की पृष्ठभूमि पर लगाया जाए, एवं इस हेतु सूचना सभी विभागों में भेजी जाए। जिस पर डॉ. संजय तिगनाथ ने सहमति व्यक्त की।
* डॉ. संजय तिगनाथ ने कहा कि बैनर के साथ ही कार्यक्रम की रिपोर्ट भी IQAC प्रकोष्ठ में

* जमा करें।
* डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने कहा कि AQAR Report भी NAAC को हर साल भेजनी होती है, जिसके लिए सभी कार्यक्रम, गतिविधियों की रिपोर्ट समयावधि में मिल जानी चाहिए, ताकि AQAR समय से भेजी जा सके।
* AQAR हेतु समस्त आवश्यक जानकारी विभागों, परीक्षा विभाग, छात्र शाखा आदि से यथाशीघ्र लेने हेतु सूचना प्रेषित करने हेतु डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने कहा, ताकि AQAR भेजने हेतु तैयारी की जा सके। संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने इस आशय हेतु प्राचार्य के माध्यम से विभागों में भेजने कहा।
* डॉ. एस.एन. शुक्ला, डॉ. डी.के. देवालिया ने IQAC का एक फोटो एल्बम भी संकलित करने को कहा, जिसे आम सहमति से स्वीकृत किया है।
* डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने वाह्य समिति की बैठक कराने कहा, इस हेतु संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

(हस्ताक्षर) (हस्ताक्षर)

डॉ. संजय तिगनाथ प्राचार्य
संयोजक, IQAC

# बैठक का विवरण

IQAC की एक आवश्यक बैठक दिनांक दिनांक 7/1/16 को संपन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1) डॉ. संजय लिंगनाथ, संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
3) डॉ. एस. एन. शुक्ला
4) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव
5) डॉ. डी. के. देवालिया DKDeolia
6) डॉ. राजश्री कपूर

बैठक में IQAC प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय लिंगनाथ ने सभी सदस्यों के साथ चर्चा की, एवं आगामी सेमेस्टर में कार्यों की रूपरेखा तैयार की।

बैठक में निम्न बिंदुओं पर आम सहमति से चर्चा की गई -

* डॉ. संजय लिंगनाथ ने हर महीने IQAC के अंतर्गत गतिविधि कराने हेतु सुझाव दिया
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने IQAC के लिए आवंटित ~~बजट~~ ~~को~~ पैसे की जानकारी दी, एवं उसका उपयोग निर्धारित समयावधि पर करने की बात कही।
* सभी सदस्यों की राय थी कि IQAC प्रकोष्ठ के लिए एक कक्ष दिया जाए, साथ ही उस कक्ष में कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर, वाई-फाई नेटवर्क की व्यवस्था हो।
* IQAC प्रकोष्ठ का सामान कई जगह Issued है कक्ष यदि मिल जाता है तो उन सभी को रखने के समुचित व्यवस्था हो जाएगी। एवं IQAC का कार्य करने के लिए एक स्थल निर्धारित हो जाए ताकि सुचारु संचालन हो सके।

* डॉ. एस. एन. शुक्ला, डॉ. डी. के देवालिया ने Notice-board लगाने की सलाह दी, ताकि IQAC की गतिविधियों को देखने, पढ़ने में विद्यार्थियों को सुविधा रहे।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. राजश्री कपूर ने हर माह विद्यार्थियों के हित में कोई न कोई गतिविधि, कार्यक्रम कराने का सुझाव दिया।
* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ एवं सभी सदस्यों की सहमति से यह प्रस्तावित किया गया कि जनवरी माह में स्वास्थ्य संबंधी एक लेक्चर आयोजित किया जाए।
* फरवरी माह में एक सात दिवसीय वर्कशाप कराने का सुझाव दिया, प्रस्तावित 8-13 फरवरी से है। नैतिक मूल्यों, पर्यावरण एवं आत्मावलोकन संबंधी विषय रखने की बात संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने की, जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने विद्यार्थी द्वारा प्राध्यापकों का फीडबैक 18,19,20 फरवरी को प्रस्तावित किया, जिसे संयोजक एवं सभी सदस्यों ने समर्थन दिया। डॉ. राजश्री कपूर ने फीडबैक भी Online कराने की बात कही, पर सभी जगह wi-fi network न होने से सदस्यों ने इसमें असमर्थता व्यक्त की।
* डॉ. संजय तिगनाथ ने वक्ता के रूप में सात दिवसीय वर्कशाप के लिए डॉ. शशीकांत मणि त्रिपाठी, एवं Audaria की प्रोफेसर चेतना तोमर का नाम सुझाया एवं उनसे संपर्क कर निश्चित करने की बात कही। डॉ. जी. सी. पांडे को वक्ता के रूप में डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने सुझाव दिया, इन्हें भी निश्चित करने कहा गया।
* गतिविधियों के इस क्रम में मार्च माह में 14-19 मार्च, तक विद्यार्थियों के लिए Psychological Counselling आयोजित करने का सर्वसम्मति से

प्रस्तावित किया गया, ताकि विद्यार्थियों की परेशानियां, तनाव आदि से Psychologist चर्चा कर सकें।

* अप्रैल माह में समाजिक कार्य से विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाए। Cleanliness awareness campaign या Save Environment जैसे विषयों पर प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाए, ऐसा सभी सदस्यों का मत था।

डॉ. संजय तिमनाथ
संयोजक, IQAC

Secy
प्राचार्य
07.6.16

# बैठक का विवरण

IQAC की एक आवश्यक बैठक दिनांक 23/2/16 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

डॉ. संजय लिगनाथ (संयोजक)
डॉ. आर. के. श्रीवास्तव
डॉ. ज्योति श्रीवास्तव - Jyoti
डॉ. एस. एन. शुक्ला
डॉ. डी. के. देवालिया - DKDevalia
डॉ. राजश्री कपूर -

बैठक में IQAC के संयोजक डॉ. संजय लिगनाथ ने प्राचार्य डॉ. एम. के. मिश्रा सर को पिछली बैठक में हुई चर्चा को बिन्दुवार बताया, उन बिन्दुओं के क्रियान्वन के बारे में विस्तार से बताया।

संयोजक डॉ. संजय लिगनाथ ने बैठक में बताया कि इस सत्र में 1 हफ्ते का प्राध्यापकों के लिए ट्रेनिंग प्रोगाम आयोजित करने का प्रस्ताव सभी सदस्यों की सहमति से रखा जाए। प्राचार्य महोदय ने ऐसे समय करने को कहा, जब अध्यापन कार्य प्रभावित न हो।

डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. राजश्री कपूर ने सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत परिसर में स्थित कर्मचारी आवास कोलोनी में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु कार्यक्रम रखने की बात की। प्राचार्य महोदय द्वारा इस कार्य करने की स्वीकृति दी गई।

डॉ. आर. के श्रीवास्तव ने पिछले सत्र की AQAR

पूर्ण होने की जानकारी दी।

* प्राचार्य महोदय ने बताया कि डॉ. श्रुति अग्रवाल, सचिव, गायनिक सोसायटी विद्यार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा करना चाहती हैं। सभी सदस्यों ने इसे क्रियान्वित करने की बात शीघ्र की।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. एस. एन शुक्ला ने पूर्व में IQAC द्वारा विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यान स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण चिंतन, महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं आदि की विद्यार्थियों द्वारा सराहना की गई।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. संजय तिगनाथ ने IQAC के लिए एक कक्ष निर्धारित करने का निवेदन किया। प्राचार्य द्वारा इस हेतु शीघ्र कार्यवाही कर स्थल चयन करने की बात कही गई।
* डॉ. संजय तिगनाथ, डॉ. एस. एन. शुक्ला, डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने IQAC के उपकरण जो दूसरे प्रकोष्ठ को issued हैं, वे IQAC कक्ष मिलने के बाद वापस ले लिए जाएँ, ऐसा सुझाव दिया। सभी सदस्यों ने इस पर सहमति जताई।
* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने विद्यार्थियों द्वारा प्राध्यापकों का फीडबैक मार्च के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराये जाने का प्रस्ताव दिया, जिसे प्राचार्य डॉ. एम. के. मिश्रा जी ने सहमति प्रदान की।
* शिक्षा-विस्तार गतिविधियाँ कराने हेतु डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने शास. विद्यालय के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं कराने की बात कही।
* प्राचार्य महोदय ने NAAC कराने हेतु तैयारियाँ करने की बात कही।
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने बाह्य सदस्यों की बैठक कराने की बात कही, प्राचार्य महोदय ने सभी सदस्यों से समय लेकर बैठक करने की बात कही।

* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने बैठक की समाप्ति पर प्राचार्य महोदय एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।
* व्यक्तित्व विकास, कौशल, कैरियर, कैम्पस प्लेसमेंट हेतु व्याख्यान एवं कैम्पस ड्राइव आयोजित करने चर्चा की गई।

संयोजक
IQAC प्रकोष्ठ

प्राचार्य

सत्र 2016-17

(41)

# बैठक का विवरण

IQAC की एक आवश्यक बैठक दिनांक 16/8/16 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1) डॉ. संजय तिगनाथ, संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, सदस्य, सहसंयोजक
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, सदस्य
4) डॉ. राजश्री कपूर, सदस्य

बैठक के प्रारंभ में IQAC संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने सत्र 2016-17 की प्रथम बैठक में प्राचार्य, डॉ. एस. एल. महोबिया का स्वागत किया।

* संयोजक, डॉ संजय तिगनाथ ने सत्र 2016-17 के लिए प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा प्राचार्य महोदय के समक्ष रखी। एवं सभी सदस्यों से पूर्ण गोपनीयता एवं प्रतिबद्धता से करने की अपेक्षा की

* डॉ. आर के श्रीवास्तव ने नैक की गाइडलाइन के अनुसार IQAC के संगठन बनाने पर चर्चा की, एवं प्राचार्य के सम्मुख प्रस्तावित किया। प्राचार्य महोदय से विचार विमर्श के बाद सहमति से IQAC प्रकोष्ठ में बाह्य सदस्यों के साथ बैठक आयोजित करने पर भी चर्चा की गई।

* संयोजक डॉ संजय तिगनाथ ने IQAC के लिए आवंटित पैसे (Grant) से कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर आदि क्रय करने का सुझाव दिया, जिस पर प्राचार्य महोदय ने सहमति देते हुए प्रस्ताव बनाने कहा।

* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने नवागत प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरियन्टेशन प्रोग्राम आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि नये विद्यार्थियों को महाविद्यालय से संबंधी समस्त जानकारी, एवं छात्र-हित में चलायी जा रही योजनाएँ, गतिविधियों

से अवगत कराया जा सके।
* डॉ. आर.के श्रीवास्तव ने ओरियन्टेशन प्रोग्राम में विभागाध्यक्षों, समिति संयोजकों से जानकारी लेने की बात कही। प्राचार्य महोदय ने कहा कि Auditorium में कराने के लिए कुर्सी आदि की व्यवस्था का Estimate बतायें। विकल्प के तौर पर कक्ष ① में दो दिन में संपन्न कराने पर भी चर्चा की गई।
* संयोजक, डॉ. संजय लिंगनाथ एवं डॉ. आर.के श्रीवास्तव ने IQAC की वार्षिक रिपोर्ट AQAR भी शीघ्र भेजने की बात कही। जिसके लिए सभी विभागों एवं समिति संयोजकों के पास प्रोफार्मा भेजने के लिए सूचना पर प्राचार्य महोदय से हस्ताक्षर ~~करवाया~~ लिए।
* डॉ राजश्री कपूर ने Extension Activity के अंतर्गत स्कूली बच्चों के competition, एवं तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाने का सुझाव दिया।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव एवं डॉ. राजश्री कपूर ने छात्र एवं छात्राओं के लिए Health camp आयोजित कराने का सुझाव दिया, प्राचार्य महोदय ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग Counselling की व्यवस्था की जाए।
* डॉ. संजय लिंगनाथ, डॉ. आर. के श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के लिए Psychological Counselling कराने का भी सुझाव दिया, ताकि विद्यार्थी निर्भीक होकर अपनी समस्यायें Psychologist से ~~के~~ चर्चा कर समाधान पा सकें।
* संयोजक डॉ. संजय लिंगनाथ ने IQAC के लिए कमरा Allot करने का प्राचार्य महोदय से अनुरोध किया, ताकि IQAC की समस्त

गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित की जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि NAAC में IQAC को महाविद्यालय का Secretariat बताया गया है, उसी की गरिमा के अनुरूप Room की व्यवस्था हो जाए, तो बहुत अच्छा रहेगा।
प्राचार्य महोदय ने Register Room को IQAC के लिए Allot करने हेतु सहमति दी।

* IQAC के अंतर्गत वर्ष भर की गतिविधियों पर चर्चा की गई, एवं सितंबर माह में Faculty के लिए 1 सप्ताह का Training Programme आयोजित कराने की सभी सदस्यों ने आम सहमति जताई, जिसे प्राचार्य महोदय ने सहमति दी।
* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने IQAC में दो सदस्य डॉ. एस.एन. शुक्ला, डॉ. डी.के. देवालिया को भी सम्मिलित करने का सुझाव दिया, जिसे प्राचार्य महोदय ने स्वीकृत कर आदेश प्रसारित कर दिये।

संयोजक
IQAC प्रकोष्ठ

प्राचार्य

# बैठक का विवरण

IQAC की आंतरिक बैठक दिनांक 19/8/16 को भूगर्भ-शास्त्र विभाग में अपरान्ह 2.00 बजे संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए-

1) डॉ. संजय तिगनाथ, संयोजक
2) डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, सह संयोजक
3) डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, सदस्य
4) डॉ. एस. एन. शुक्ला, सदस्य
5) डॉ. डी. के. देवालीया, सदस्य - Dkdeoliya
6) डॉ. राजश्री कपूर, सदस्य

बैठक में संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने IQAC में सम्मिलित किये गये सदस्य डॉ. एस. एन. शुक्ला एवं डॉ. डी. के. देवालिया का स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से प्राचार्य कक्ष में हुई बैठक के बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं उसे क्रियान्वित करने के उपाय सुझाये गये।

* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने सत्र 2016-17 में प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की, एवं सभी सदस्यों से पूर्ण सहभागिता की अपेक्षा की।
* डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने अगस्त माह में प्रस्तावित ओरियन्टेशन प्रोग्राम की रूपरेखा पर प्रकाश डा
* डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. एस. एन. शुक्ला ने सुझाव दिया कि समिति प्रभारियों को अपनी समिति से संबंधित जानकारी देने हेतु कहा जाए।
* संयोजक एवं सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि Power-point Presentation के माध्यम से समिति सदस्य ही उसे प्रस्तुत करें, ताकि समय की बचत भी हो सके।

* डॉ. डी.के. देवालिया, डॉ. राजश्री कपूर नें कहा कि छात्रों को जानकारी देने में सबसे पहले College के History बतायी जाए, ताकि विद्यार्थियों को म.वि. के गौरवशाली इतिहास की जानकारी हो सके।
* सभी सदस्यों का मत था कि विद्यार्थियों से संबंधित समस्त जानकारी उन्हें संक्षिप्त रूप में दी जाए। सेमेस्टर पद्धति, शिकायत संबंधी, कैरियर, प्लेसमेंट, NCC, NSS, Sports, साहित्यिक सांस्कृतिक, Library, हॉस्टल, छात्रवृत्ति संबंधी सभी जानकारियों को प्रेसेन्टेशन में समावेश हो।
* संयोजक डॉ. संजय तिगनाथ ने सभी सदस्यों की राय से ओरियन्टेशन प्रोग्राम के लिए अगस्त का आखिरी सप्ताह निर्धारित किया। एवं तत्संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सभी सदस्यों को कहा।

(signature)
संयोजक.
IQAC प्रकोष्ठ

(signature)
प्राचार्य